**मनमानी** एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में 17 वाँ दीक्षांत समारोह संपन्न

# भारत जल्द ही ऊर्जा निर्यात करने वाला देश बनेगाः नितिन गडकरी

## कार्यक्रम

- नितिन गडकरी को प्रदान की गई डी लिट की मानद उपाधि
- पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए यूपी में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन पर गडकरी का जोर

अथाह संवाददाता

**मोदीनगर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत अब तक ऊर्जा का आयात करने वाला देश है। लेकिन जल्द ही भारत ऊर्जा का निर्यात करने वाला देश बन जायेगा।

नितिन गडकरी मंगलवार को एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में 17 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। चिकित्सा से लेकर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में यहां की वैश्विक पहचान है। समय और जरूरत के हिसाब से आज हमें खुद को बदलने की जरूरत है। लक्ष्य के साथ-साथ जरूरत के हिसाब से शोध होने चाहिए।

नितिन गडकरी ने कहा कि में आयातक की बजाय हमें निर्यातक बनना है। तभी देश तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा जब हम आयातक के स्थान पर निर्यातक बनेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हम ऊर्जा को आयात कर रहे हैं लेकिन



हमें ऊर्जा दाता अर्थात निर्यातक की दिशा में तेजी से काम करना है। अभी हम अन्नदाता हैं। विज्ञान, तकनीक के बल पर हम हर क्षेत्र में आगे आकर विकसित देशों की पंक्ति में खड़े हो सकते हैं।

आत्मनर्भर भारत का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा, सभी की सहभागिता से पूरा होगा। जहां पर कभी सोचा भी नहीं जा सकता था। वहां पर हमने टनल और एक्सप्रेसवे बनाए।इसी के चलते ईंधन की खपत भी कम हुई है।

नितिन गडकी ने हाइड्रोजन, एथेनॉल और लिथियम को सख्त जरूरत बताया कहा कि आने वाले समय में इनका बड़ा उपयोग होना है, इसको लेकर भी हमें अपनी तैयारी पूरी करनी होगी।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी को विश्व विद्यालय ने डीलिट की मानद उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में एसआरएम समूह के कुलाधिपति एवं पेरंबलुर से लोकसभा सांसद डा. टीआर पारिवेंद्र ने नितिन गडकरी का स्वागत करने के साथ ही स्वागत भाषण दिया। प्रति कुलाधिपति प्रशासन एसआरएस डॉ. रवि पाचामुथू कुलपति डॉ. सी. मुधामिचेलवन, निदेशक डॉ. एस विश्वनाथन ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया।

शेष खबर पेज 6 पर...

# भारत अब बनेगा उर्जादाता: गडकरी

## जनरल वीके सिंह ने यूनिवर्सिटी से डीलिट की उपाधि प्राप्त करने वाले मेधावियों को किया सम्मानित

मनस्वी वाणी, संवाददाता







**गाजियाबाद/मोदीनगर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, अभी भारत उर्जा को आयात कर रहा है,लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत बनाने का जो सपना है, उसके तहत ही भारत देश ऊर्जा निर्यात करने वाला ऊर्जादाता देश बनेगा। उन्होंने यहाँ एसआरएम यूनिवर्सिटी के डीलिट् उपाधि को लेकर आयोजित दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुये कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस के मद में हमारे यहां 16 लाख करोड़ रुपये का आयात होता है और इससे हमारी अर्थव्यवस्था से 16 लाख करोड़ रुपये बाहर जा रहे हैं।.गडकरी ने कहा, "अब हमको ऊर्जा का आयात करने वाला नहीं, ऊर्जा का निर्यात करने वाला देश बनाना है।

उन्होने एक्सप्रेस वे,हाईवे मार्ग पर चल रहे कार्यों व सडकों की कनकनिटीविटी को लेकर देश को होने वाले फायदों को भी गिनाया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन पर जोर देते हुए कहा कि यदि डीजल बस पर 100 रुपये खर्च होता है, तो इसके अनुपात में इलेक्ट्रिक बस पर केवल 10 रुपये की बिजली लगेगी। यूपी की जनता एयर कंडीशनर बसों में घूमेगी। किराए का दाम भी 25 से 30 फीसदी तक कम हो सकता है,उन्होंने लंदन परिवहन का मॉडल अपनाने की अपील की। गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दो लाख बसें आएंगी और वातानुकूलित बस लखनऊ से दिल्ली जाएगी। केंद्रीय सडक परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने इस मौके पर यूनिवर्सिटी से डीलिट उपाधि प्राप्त करने वालो को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। सांसद डा सत्यपाल सिंह ने भी युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने व देश की सेवा करने के प्रति आगाह किया। समारोह की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के संस्थापक एंव सांसद टीआर पारिवंदर ने की ,संचालन रंजना दूबे ने किया। समारोह में उपस्थित प्रमुख लोगो में यूनिवर्सिटी के प्रबंधक डा एस विश्वनाथन,पी रवि, आरपी महापात्रा, डीन नवीन अहलावत,डीन डीके शर्मा, आशीष गौतम सर्जन,भाजपा विधायक डा मंजू शिवाच,जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ,कुलदीप चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में धूमधाम से मनाया गया 17वां दीक्षांत समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारत अब आत्मनिर्भर बनने की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अभी भारत ऊर्जा को आयात कर रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का

**भारत अब आत्मनिर्भर बनने की ओर निरंतर बढ़ रहा है : नितिन गडकरी**

आत्मनिर्भर भारत बनने का जो सपना है, उसके तहत ही भारत देश शीघ्र ही ऊर्जा निर्यात करने वाला ऊजार्दाता देश बनेगा। उक्त विचार एसआरएम आईएसडी एनसीआर केंपस के सभागार में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी ने सभागार में मौजूद विद्यार्थियों को सोल्जर करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने एक्सप्रेस वे तथा हाइवे मार्ग पर चल रहे कार्यों व सड़को की कनेक्टीविटी को लेकर आमजन को होने वाले फायदे भी गिनाये। उन्होने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के नव न हीसंचालन पर जोर देते हुये पर्यावरण को सुरक्षित रखने के बारे में भी बताया। इस दौरान एसआरएम समूह के कुलाधिपति एवं पेरम्बलुर लोकसभा से सांसद डॉ टी आर पारिवेन्द्र द्वारा मुख्य अतिथि नितिन गडकरी को डीलीट की मानद उपाधि प्रदान की गई। कुलाधिपति प्रशासन डॉ रवि पाचामु, कुलपति डॉ सी मुधामिचेलवन व निदेशक डॉ एस विश्वनाथन ने? एसआरएम समूह की शैक्षणिक एवं प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में मौजूद



विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह व सांसद डॉ सत्यपाल सिंह ने भी युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने व देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 357 विद्यार्थियों को पीएचडी, इंजीनयरिंग, मैनजमेंट, मास्टर इन कम्प्यूटर एपलिकेशन, होटल मैनजमेंट इत्यादि विभागों में डिग्रियां प्रदान की गयी।

समारोह में डॉ नवीन अहलावत डीन कैंपस लाइफ, डीन एकेडमिक डॉ डीके शर्मा, डीन एडमिशन डॉ आरपी महापात्रा, डीन मैनजमेंट डॉ एसएम मिश्रा, कार्यक्रम की संयोजक डॉ रंजना दुबे व सह संयोजक डॉ धौम्या भट्ट व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भारत अब आत्मनिर्भर बनने की ओर निरंतर बढ़ रहा है : नितिन गडकरी

**जनता की खोज**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारत अब आत्मनिर्भर बनने की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अभी भारत ऊर्जा को आयात कर

## एसआरएम आईएसटी एनसीआर कैंपस में धूमधाम से मनाया गया 17वां दीक्षांत समारोह

रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत बनने का जो सपना है, उसके तहत ही भारत देश शीघ्र ही ऊर्जा निर्यात करने वाला ऊजार्दाता देश बनेगा। उक्त विचार एसआरएम आईएसडी एनसीआर केंपस के सभागार में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी ने



सभागार में मौजूद विद्यार्थियों को सोल्जर करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने एक्सप्रेस वे तथा हाइवे मार्ग पर चल रहे कार्यों व सड़को की कनेक्टीविटी को लेकर आमजन को होने वाले फायदे भी गिनाये। उन्होने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के नव न हीसंचालन पर जोर देते हुये पर्यावरण को सुरक्षित रखने के बारे में भी बताया। इस दौरान एसआरएम समूह के कुलाधिपति एवं पेरम्बलुर लोकसभा से सांसद डॉ टी आर पारिवेन्द्र द्वारा मुख्य अतिथि नितिन गडकरी को डीलीट की मानद उपाधि प्रदान की गई।